दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 251 मुरादाबाद, 31 December 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

## संक्षिप्त समाचार



### डॉक्टरों ने मृत घोषित किया रास्ते में जी उठी महिला, एम्बुलेंस से लाते समय उठकर मांगा पानी

जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र में ब्लड कैंसर से पीड़ित महिला का जालंधर में इलाज चल रहा था, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे एम्बुलेंस से घर ला रहे थे। इस बीच रास्ते में महिला उठकर पानी मांगने लगी।इसे कुदरत का करिश्मा कहें या डॉक्टरों की लापरवाही। अस्पताल में मृत घोषित महिला रास्ते में जी उठी। कैंसर से पीड़ित महिला को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। एम्बुलेंस से घर लाते समय महिला रास्ते में उठ कर बैठ गई और पानी मांगने लगी। झमामला हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र का है। क्षेत्र के सदर गांव निवासी मातादीन रैकवार ने बताया पत्नी अनीता ( 33 ) बीमार रहतीं थीं। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने ब्लड कैंसर होने की बात कही। उन्होंने छतरपुर, भोपाल, जालंधर, चंडीगढ़ व अमृतसर में इलाज कराया। जालंधर में नौगांव निवासी रिश्तेदार राजू रैकवार मजदूरी करते हैं। कुछ समय से जालंधर में राजू के यहां रह कर प्राइवेट अस्पताल में पत्नी का इलाज करा रहे थे। करीब 15 दिन पहले पत्नी की हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। शव लाने के लिए तीस हजार में एम्बुलेंस की-पत्नी के कथित शव को पैक कर उन्हें सौंप दिया। साथ ही अंतिम संस्कार के लिए भी व्यवस्था होने की बात कही। गांव शव लाने के लिए उन्होंने तीस हजार में एम्बुलेंस की। मातादीन ने बताया कि नोयडा पहुंचने पर उनकी पत्नी पानी मांगने लगीं। यह देख वह भौंचक्के रह गए। गांव वालों का लगा हुआ है तांता- साथ ही उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आगे बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते पत्नी को लेकर अपने गांव आ गए हैं। यहां उनकी पत्नी फिलहाल ठीक अवस्था में हैं। मृत घोषित महिला के जीवित होने पर उन्हें देखने के लिए गांव वालों का तांता लगा हुआ है।

# पीएम बोले- आज पक्का घर सिर्फ रामलला को नहीं, देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला



भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामनगरी को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की सौगात दी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने 15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इससे पहले, अयोध्या में पीएम मोदी ने 15 किमी लंबा रोड करने के बाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने अमृत भारत और वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। पीएम नरेंद्र मोदी का कहना है कि दुनिया का कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाइयों को छूना है, तो उसे अपनी विरासत का ख्याल रखना होगा। राम लला तंबू में थे, आज पक्का घर है सिर्फ राम लला को ही नहीं बल्कि देश के 400 करोड़ गरीबों को भी पक्का घर दिया गया। पीएम मोदी ने कहा कि देश के इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। 1943 में आज के ही दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहरा कर भारत की आजादी का जयघोष किया था।सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। ऐसे में आयोध्यावासियों में अति-उत्साह स्वाभाविक है। भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी आपकी तरह ही उत्सुक हूं।महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के उद्घाटन पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, %पीएम मोदी ने वैश्विक मानकों वाला हवाईअड्डा मांगा था। इस हवाई अड्डे का निर्माण 500 करोड़ रुपये के बजट में किया गया है और इसमें सालाना लगभग 10 लाख तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। दूसरे चरण में हवाई अड्डे का और विस्तार किया जाएगा। 3750 मीटर का रनवे बनाया जाएगा जिस पर बोइंग 777 और एयरबस 350 उतर सकेंगे। हवाई अड्डे का वर्तमान क्षेत्र 5 लाख वर्ग फुट तक विस्तारित किया जाएगा।सीएम मोदी ने कहा कि यह वही अयोध्या है जहां आने की बात तो दूर, नाम लेने में लोग संकोच करते थे। आज एक नया रिकॉर्ड भी बन गया है। अयोध्या सबसे अधिक बार आने वाले प्रधानमंत्री में मोदी जी का नाम है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम की प्राण-प्रिय नगरी, श्री अयोध्या जी अपने चिर-पुरातन वैभव के साथ सज और संवर रही हैं। प्रभु के आगमन के पहले प्रधानमंत्री जी का संकल्प था, अयोध्या को सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित करेंगे। भगवान राम त्रेता युग में पुष्पक विमान से अयोध्या आए होंगे, आज प्रधानमंत्री ने अयोध्या वासियों को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करके उपहार दे दिया है।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम ( मूर्ति ) की स्थापना की जाएगी और 500 वर्षों का इंतजार खत्म हो जाएगा। प्रभु के आगमन के पहले प्रधानमंत्री का संकल्प था कि अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित करेंगे। आज जिस भव्यता के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत अयोध्या वासियों ने किया है, ये एक नए भारत की नई अयोध्या के दर्शन हम सभी को कराता है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी ने छह नई वंदे भारत ट्रेनों और दो अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत के जरिए आज अयोध्या दिल्ली से जुड़ गया है।उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, अयोध्या धाम के लिए दिल्ली से पहली उड़ान के दौरान इंडिगो के पायलट कैप्टन आशुतोष शेखर ने यात्रियों का स्वागत किया।उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे अयोध्या धाम के लिए पहली उड़ान भरते समय दिल्ली के लोगों ने जय राम, श्री राम के नारे लगाए।इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में दो बच्चों से मुलाकात की, उनके साथ सेल्फी ली और उन्हें ऑटोग्राफ भी दिए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे अयोध्या धाम का उद्घाटन किया। हवाई अड्डे के चरण एक को 1450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या जंकशन से उद्घाटन करने के बाद सड़क मार्ग के जरिए ही अयोध्या के राजघाट मोहल्ले में स्थित एक दलित बस्ती में पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने दलित मीरा के घर पहुंचे और उनके हाथ की चाय पी। राम मंदिर के फोटो पर ऑटोग्राफ दिया। नाम के ऊपर वंदे मातरम् लिखा। परिवार वालों से बातचीत की। पूछा कि किन-किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मीरा के बच्चों से भी बातचीत की, उन्हें दुलारा। मीरा के पति सूरज माझी पीएम के घर आने से बहुत ही भाव विभोर थे। बोले कि यकीन नहीं हो रहा है कि पीएम हमारे घर आए थे, ऐसा लग रहा है कि जैसे मैं कोई सपना देख रहा हूं। सूरज मजदूरी कर परिवार चलते हैं। उनके पिता धनीराम माझी गोताखोर हैं। पीएम आवास मिलने से पहले वे जर्जर मकान में रहते थे। बरसात में घर में पानी भर जाता था पीएम आवास मिलने के बाद स्थिति सुधरी। उनसे मुलाकात की। ऐसा बताया जा रहा है कि मोदी ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट जाते समय लता मंगेशकर चौक पर उतरे। यहां उन्होंने वीणा को चारों तरफ से निहारा। इसके बाद आगे के लिए रवाना हुए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोधया के राजघाट निवासी दलित मीरा के घर पहुंचे। पीएम मोदी ने निषाद परिवार से मुलाकात की। पीएम मोदी रविंद्र मांझी के परिवार से भी मिले। पीएम मोदी ने इन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्योता दिया।



## केवल इतना बचा है कि भगवान राम उनके उम्मीदवार..., भाजपा पर उद्धव शिवसेना का हमला



शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में फिलहाल कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है। हमारे पास 18 सांसद थे, लेकिन कुछ चले गए और अब हमारे पास छह सांसद हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि भगवान राम के नाम पर जमकर राजनीति की जा रही है। अब सिर्फ इतना ही बचा है कि भाजपा जल्द एलान करेगी कि अयोध्या या किसी अन्य जगह से भगवान राम उनके उम्मीदवार होंगे। कभी कांग्रेस को जीरो नहीं कहा- राउत शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को शून्य कहने वाली बात पर भी सफाई दी। शिवसेना सांसद ने कहा कि उन्होंने कभी कांग्रेस को जीरो नहीं कहा था। उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। महा विकास अघाड़ी करीब 40 सीटें जीतेगी- उन्होंने कहा, मैंने यह कहा था कि कांग्रेस को जीरो से शुरुआत करनी होगी, यह कभी नहीं कहा कि कांग्रेस शून्य है। महाराष्ट्र में फिलहाल कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है। हमारे पास 18 सांसद थे, लेकिन कुछ चले गए और अब हमारे पास छह सांसद हैं। हमारा गठबंधन कांग्रेस के साथ है और महा विकास अघाड़ी करीब 40 सीटें जीतेगी।

हमारे पास छह सांसद है- शिवसेना एक सीट पर भी नहीं जीत सकती इस पर राउत ने कहा कि बयान आने दो। हमारे पास छह सांसद है और हमारी एक ताकत है। हम पुराना आंकड़ा जीत लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर रही बात नहीं जितने की, तो आप भी नहीं जीत पाओगे। आप मिलकर ही जीत पाओगे। आज के समय में कोई भी पार्टी नहीं है जो खुद के बलबुते पर जीत सके। भाजपा को जीतने के लिए ईवीएम की जरूरत है, वे भी अकेले नहीं जीत सकते। उनका गठबंधन ईवीएम के साथ है।

तो हर किसी को किसी न किसी की जरूरत है। राजनीति की जा रही- अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के अभिषेक समारोह के निमंत्रण पर संजय राउत ने कहा कि अब, केवल एक चीज बची है कि भाजपा घोषणा करेगी कि भगवान राम चुनाव के लिए उनके उम्मीदवार होंगे। भगवान राम के नाम पर इतनी राजनीति की जा रही है।

## अखिलेश यादव बोले- सड़कों पर काल बनकर घूम रहे सांड, ट्रैफिक पुलिस से ज्यादा आते हैं नजर




एटा में अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग किसानों, गरीबों और सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। सपा मुखिया यहां बलिदानी मेजर केपी सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण करने आए थे। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।अखिलेश यादव ने शहीद केपी सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद यहां उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सड़कों पर पुलिस से ज्यादा सांड दिखाई देते हैं। इस सरकार में बीजेपी के लोग किसानों, गरीबों व सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा रहे हैं। यहां एक ही प्रकार के लोगों की सरकार चल रही है। पहले हम पर आरोप लगाए जाते थे। आज समाज का हर वर्ग दुखी दिखाई दे रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सांड सड़कों से लेकर खेतों तक काल बनकर घूम रहे हैं। आए दिन किसानों को सींग मारकर घायल कर देते हैं। इसके अलावा एक शहीद की प्रतिमा का अनावरण करने का जो मौका शहीद के परिवार ने दिया है उसके लिए हम उनके आभारी रहेंगे।

## भाजपा MLC से बदसलूकी करने पर बोर्ड बैठक में हंगामा, बसपा-सपा पार्षदों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



मेरठ में शनिवार को घंटाघर स्थित कार्यालय में चल रही बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ। भाजपा एमएलसी से बदसलूकी करने पर भाजपा कार्यकर्ता भड़क गए और बसपा व सपा पार्षदों को दौड़ा लिया। दोनों के साथ खूब मारपीट की गई। मेरठ में शनिवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हो गया। यहां भाजपा के पार्षद के अपना वकतव्य रखने के दौरान बसपा के पार्षद ने भाजपा एमएलसी से बदसलूकी कर दी। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने बसपा और सपा के पार्षदों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जानकारी के अुनसार शनिवार को घंटाघर स्थित टाउन हॉल में नगर निगम की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान भाजपा पार्षद रेखा सिंह हाउस टैक्स को लेकर अपनी बात रख रही थीं। विपक्ष के एक पार्षद ने उनका विरोध कर दिया, जिस पर गहमा-गहमी हो गई। इसी बीच भाजपा के एमएलसी धमेंद्र भारद्वाज भी पहुंच गए। हंगामे के बीच बसपा पार्षद आशीष चौधरी ने एमएलसी धमेंद्र भारद्वाज से बदसलूकी कर दी। इस पर हंगामा और ज्यादा बढ़ गया। सपा पार्षद कीर्ति घोपला भी विरोध में आ गए। इसके बाद बात लात-घूंसों तक जा पहुंची। लड़ते-झगड़ते भाजपा कार्यकर्ता और सपा बसपा पार्षद बाहर तक आ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आशीष और कीर्ति घोपला को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वहीं हंगामे और मारपीट के बीच बोर्ड बैठक स्थगित करनी पड़ी।मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों पक्षों को जैसे-तैसे शांत कराया। इसके बाद सपा व बसपा पार्षद और भाजपा कार्यकर्ता देहलीगेट थाना पहुंच गए। मारपीट की सूचना पर सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान भी देहलीगेट थाने पहुंचे हैं।

## संपादकीय Editorial

### Rahul's 'Nyaya Yatra'

Congress has announced to take out another yatra. Former party president Rahul Gandhi will lead the yatra. This time the yatra will start from Imphal, the capital of Manipur in the North-East, on January 14 and will conclude in Mumbai on March 20. The journey of about 6200 kilometers will be done by bus, although in between, padayatra and street meetings will also be done. The Yatra will pass through 85 districts of 14 states. The route will cover areas of 355 Lok Sabha seats, out of which Congress could win only 14 seats in the 2019 general elections. From that point of view, this is only an election campaign trip of the Congress, but among the states that will be visited during the trip, the Congress had 'zero' Lok Sabha seat share in the states of Gujarat, Rajasthan, Manipur, Nagaland. In the only state of Assam, Congress won 3 Lok Sabha seats. Apart from that, only one or two seats were allotted in the states. It has been named 'Bharat Nyaya Yatra', which will continue for 67 days. Earlier, 'Bharat Jodo Yatra' from Kanyakumari to Kashmir was of 136 days. During the current visit, the states of West Bengal, Bihar and Jharkhand will be covered, where the opposition coalition 'India' is in power. The opposition alliance is a strong political force in Uttar Pradesh and Maharashtra also. The yatra will also pass through states like Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Rajasthan, where Congress has been badly defeated by BJP in the recent elections. There is a direct electoral contest between BJP and Congress in these states. However, now the question is whether the alliance constituents were taken into confidence before the 'Nyaya Yatra' or not? Or through this yatra, the constituent parties will be challenged in their own areas of influence, so that the alliance takes shape under the Congress umbrella? The question is also that how will socio-economic justice be provided to the people who will come in contact with Congress leader Rahul Gandhi during the yatra? What will be the policies of Congress especially for women, youth and deprived sections? Will an election promise be made to implement 'Nyaya Yojana' of Rs 6000 per month? Rahul Gandhi had also promoted this scheme a lot in the 2019 general elections, but the people of the country had expressed their confidence in the honorarium of Rs 6000 per year only for the farmers. Now the country should think again and again on the politics of 'freedom', because the country has a debt of about Rs 209 lakh crore.

The International Monetary Fund is also alerting the Indian government on this increasing debt. However, he is also confident about our economic growth rate. By the time Rahul Gandhi's 'Nyaya Yatra' concludes, the Election Commission will have announced the dates of the general elections. In 2019 also, the schedule of general elections was announced in the month of March. Congress supporters are believing that this is a journey to fight for the people who are wandering for 'justice' today, but is it being started in comparison to the Prime Minister's 'Guarantee Yatra' or is Congress trying to fight for a certain vote bank? Congress has not given precise answers to such questions. This yatra will pass through areas with a population of about 98.75 crores. Will Rahul Gandhi be able to increase the number of votes for Congress? Congress's journey will also continue and Rahul Gandhi will also seek votes in favor of the party, hence such public relations campaigns are positive and praiseworthy. Congress believes that the impact of 'Bharat Jodo Yatra' is that its governments were formed in South Indian states like Karnataka and Telangana, even though such assessments were not done, hence Congress is hopeful that 'Nyaya Yatra' can also have wider impacts. Manipur riots can also become an election issue.

# BJP will fulfill another dream of Atal Bihari Vajpayee by connecting Parvati-Kalisindhu-Chambal rivers.

After the formation of Narendra Modi government in Delhi in 2014, the files of river linking project were once again taken out. Hope arose of linking the rivers. An agreement has been reached between Madhya Pradesh and Uttar Pradesh governments regarding linking of Ken and Betwa rivers and the work has started. Another dream of former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee is nearing fulfillment. Before the year 2004, the central government led by Atal Bihari Vajpayee had envisioned interlinking of rivers in the country. He had identified 31 river interlinks, but the Atal government lost the Lok Sabha elections. With the coming of the Congress-led UPA government at the Centre, this project remained on hold for ten years and this dream remained unfulfilled. After the formation of the Narendra Modi government in Delhi in 2014, the files of the river linking project were once again taken out. Hope arose of linking the rivers. An agreement has been reached between Madhya Pradesh and Uttar Pradesh governments regarding linking of Ken and Betwa rivers and the work has started. Now Madhya Pradesh and Rajasthan have also moved forward to form a consensus for interlinking of Parvati-Kalisindhu-Chambal (PKC) rivers. This project can start a new green revolution in eastern Rajasthan. The 13 districts of Eastern Rajasthan, Jaipur, Alwar, Bharatpur, Dholpur, Ajmer, Karauli, Dausa, Tonk, Sawai Madhopur, Kota, Bundi, Jhalawar and Baran, which are yearning for water through the new PKC link, will not only get smooth drinking water for the next 30 years. This will continue to be provided, but 7 lakh hectares of new land will also be irrigated. In Madhya Pradesh, 2.8 lakh hectare area can be irrigated in Malwa and Chambal regions. This new link will be connected with the Eastern Rajasthan Canal Project (ERCP) in Rajasthan. It has been given a new name ERCP-PKC Link Project. Actually, the exercise of ERCP was started in the year 2016 by the BJP led Vasundhara Raje government of Rajasthan. He had also prepared a DPR, but due to flaws in the DPR the project got delayed. Before the DPR could be improved, the government in Rajasthan changed in the year 2018. When the Congress government was formed under the leadership of Ashok Gehlot, it tried to take forward the flawed DPR. At that time, there was a Congress government in Madhya Pradesh also under the leadership of Kamal Nath, but they did not agree with Rajasthan. Then it became a political issue. Narendra Modi government at the Center and Ashok Gehlot government in the state got entangled in politics among themselves regarding water. Congress raised this issue very loudly in 13 districts of eastern Rajasthan. Some money was also kept in the budget in the name of ERCP, but the state could not complete it with its own resources, Ashok Gehlot knew this very well. It was already believed that if BJP government comes to power in Rajasthan and Madhya Pradesh, then the ERCP-PKC link project could once again gain momentum. This also happened. As soon as the BJP led government was formed in both the states, Jal Shakti Minister at the Center Gajendra Singh Shekhawat, who had already been promising to complete this link project, became active. The cabinet has not been formed in Rajasthan yet, but Shekhawat has called the officials of Rajasthan and Madhya Pradesh to Delhi and started work on this project. The budget can be approved before the Lok Sabha elections by reaching a consensus between the two states and the central government. BJP wants to woo the voters of 13 districts of Rajasthan through this project. This project will benefit BJP on nine Lok Sabha seats Jaipur, Jaipur Rural, Ajmer, Kota, Dausa, Bharatpur, Dholpur-Karauli, Tonk-Sawaimadhopur, Baran-Jhalawar. This project will cost around Rs 50,000 crore, of which 90 percent of the amount i.e. Rs 45,000 crore will be borne by the Central Government. Rajasthan and Madhya Pradesh will contribute the remaining 10 percent from the expenditure incurred in their areas. Rajasthan may have to spend Rs 3725 crore. When this project which has been stuck for 5 years is completed, a new green revolution will be seen in Eastern Rajasthan. It is expected that after Ken-Betwa and Parvati-Kalisindhu-Chambal, work on the remaining 29 river interlinks of the country should also be agreed upon and started.

# Digital India: Roadside QR codes, pandemic changed lifestyle and increased options

Traditional strongholds are being destroyed. With the ever-growing economy and spending power, what is better and more important for Indians is that they are ready to live desi style, and that too with just a click of a button. In the post-Covid scenario, not only India, but the entire People around the world have been inspired to think more deeply about their lifestyle and its choices. Be it big cities or small ones, people are now living a more conscious and deliberate life. This change in people's thinking after the shock of such a large number of sudden deaths was natural and also welcome. But, while these changes have come at the level of thinking, at the same time, many practical changes were also seen inspired by the rapid changes taking place in the country. The most prominent trend among these was the continued importance of digital payments in daily life. When Prime Minister Modi talked about Digital India and digital payments in the pre-Covid years, its adoption was considered far from the reality. But in the times of Covid, when even going to an ATM was risky, the option of digital payment proved to be a real life-saver. Today, QR codes are visible even at roadside coconut water vendors and fighting for change is now a thing of the past. Simply 'scan and pay' has become the mantra of today's era. Last year, when I was traveling to America and Turkey, I was surprised at how inconvenient it could be to carry money in my pocket all the time. At the beginning of the year, a video of the Deputy Prime Minister of Australia making digital payment was much discussed. The look of surprise on his face said it all. In fact, when it comes to digital payments, India is a leader. In the coming year we will also see many other services going digital. Smart homes will become popular as environmental consciousness increases, saving electricity and water to encourage eco-friendliness and thrift. If we analyze YouTube, the most popular creator there is 'wellness' guru. In fact, the last few years have taught us that health is merely a game of increasing immunity and many of the solutions to this 'immunity' lie in our food habits and lifestyle. From Apple Watch to wearable Make in India technology, more and more Indians are now seen using fitness apps on their mobile phones and are also keeping track of their sugar levels. In our country, which is known as the diabetes capital of the world, it has become very important to keep an eye on this lifestyle related disease. The good thing is that the prices of organic food items, which used to be quite high, have now become easily accessible even to the middle class consumer. Now more than ever, people are getting annual health checkups. Where earlier it used to take weeks for blood test reports to arrive, now reports are available within a few days or hours. YouTube, the hub of content creation from various walks of life, is now gaining ground over OTT platforms and electronic news media. Bloggers i.e. those with visual blogs have become celebrities, who are getting absorbed in people's lives by sharing authentic and relatable experiences. The glittering world of cinema has its place, but now it too is being challenged by these bloggers. This is an era of democratization of news and content, which is taking root. YouTube also becomes a means of earning money. Be it lifestyle or fashion, eco-friendly trends are being seen all over the world. India is also not untouched by this. Recently, when actress Alia Bhatt arrived to receive the National Film Award for Best Actress, she was wearing her wedding saree. This was an important step by a fashion icon, which would help young women avoid huge expenses to stay in fashion. India can become a leader in the field of eco-friendly lifestyle and fashion. We have been doing this for centuries without any noise. Long before plastic was considered an environmental hazard and the concept of phasing it out came into existence, Indian kitchens had a hook at the back of the door on which plastic bags were hung for re-use. Similarly, sarees are also passed on from generation to generation as inheritance, whether rich or poor. The rest of the world is, of course, now adopting it. But this has been our way of life. Our new generation just needs to be reminded. Another area is travel blogging, which is related to local tourism. These travel bloggers are exploring their own country. The country has enough diversity to keep a curious traveler excited for a lifetime. Recently, Prime Minister Modi also recognized this and suggested to organize destination weddings in India and especially in beautiful places like Uttarakhand. The interest in tourism and the growing national and international reputation of Indian spices is expected to increase in the coming years. If someone has to briefly tell about the past year and the coming year, then it would be enough to give him the mantra of 'Swa', which means, 'Buy Indian, Be Indian'. What is better and more important for Indians with the ever-growing economy and increasing spending power is that they are ready to live desi style, and that too with just a click of a button. This is an era of democratization of news and content, which is taking root. YouTube also becomes a means of earning money. Be it lifestyle or fashion, eco-friendly trends are being seen all over the world. India is also not untouched by this. Recently, when actress Alia Bhatt arrived to receive the National Film Award for Best Actress, she was wearing her wedding saree. This was an important step by a fashion icon, which would help young women avoid huge expenses to stay in fashion. India can become a leader in the field of eco-friendly lifestyle and fashion. We have been doing this for centuries without any noise. Long before plastic was considered an environmental hazard and the concept of phasing it out came into existence, Indian kitchens had a hook at the back of the door on which plastic bags were hung for re-use. Similarly, sarees are also passed on from generation to generation as inheritance, whether rich or poor. The rest of the world is, of course, now adopting it. But this has been our way of life. Our new generation just needs to be reminded. Another area is travel blogging, which is related to local tourism. These travel bloggers are exploring their own country. The country has enough diversity to keep a curious traveler excited for a lifetime. Recently, Prime Minister Modi also recognized this and suggested to organize destination weddings in India and especially in beautiful places like Uttarakhand. The interest in tourism and the growing national and international reputation of Indian spices is expected to increase in the coming years. If someone has to briefly tell about the past year and the coming year, then it would be enough to give him the mantra of 'Swa', which means, 'Buy Indian, Be Indian'. What is better and more important for Indians with the ever-growing economy and increasing spending power is that they are ready to live desi style.

## ग्राम चोधरपुर में पंथिनी बैठक के अंतर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम व पैड्स का नि:शुल्क वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ




मुरादाबाद - परिवर्तन ऱ्दी चेंजऱ् संस्था ने परियोजना पंथिनी के अंतर्गत मिशन शक्ति 4.0 के तहत ग्राम-चोधरपुर ब्लॉक- मुरादाबाद में पंथिनी बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर गाइनिकॉलजिस्ट डॉ मनीषा जैन व मुख्य अतिथि के तौर पर सी ओ कोतवाली डी एस पी अपेक्षा निम्बाडिया उपस्थित रही। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में डी एस पी अपेक्षा निम्बाडिया द्वारा व महिला हेल्पलाइन नंबर के विषय व घरेलू हिंसा के लिए मिशन शक्ति प्रभारी, थाना मझोला सब इंस्पेक्टर चंचल तोमर द्वारा जागरूक किया गया, साथ ही मासिक माहवारी व स्त्री विशेष रोगों के विषय में विस्तार से गाइनिकॉलजिस्ट डॉ मनीषा जैन द्वारा जागरूक किया गया व लोक अदालत के विषय मे विधिक प्राधिकरण स्वयंसेवक नीतू सक्सेना जी द्वारा जागरूक किया व सभी अतिथियों द्वारा महिलाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पैड्स व मिष्ठान के पैकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा 300 से ज्यादा महिलाओं को सेनेटरी पैड्स व मिष्ठान देकर लाभान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर वरिष्ठ समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह जी, ग्राम प्रधान सौनिय जी व सी एच ओ प्रियंका व आशा अर्चना उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में संस्था की तरफ से अध्यक्ष कपिल कुमार जी सहित सहित स्वयंसेवक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने रेन बसेरों का निरीक्षण किया



क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ

मुरादाबाद -मुरादाबाद ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जीआईसी चौराहा, जामा मस्जिद, इंदिरा चौक, पीतल नगरी रोडवेज पुराना रोडवेज एवं शहर के अन्य क्षेत्र के अलाव चेक किए।

इसके साथ ही पीतल नगरी रोडवेज, पुराना रोडवेज एवं ढक्का कुंदनपुर में बने रेन बसेरों का निरीक्षण किया तथा वहां ठहरे राहगीरों से पूछा कि ठहरने का कोई पैसा तो नही लिया जा रहा,

राहगीरों ने बताया कि कोई पैसा नहीं लिया गया।

## इनामिया अपराधी फरान तासीर खान गिरफ्तार




क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ

मुरादाबाद - सराहनीय कार्य इनामिया अपराधी फरान तासीर खान थाना जीआरपी म्रादाबाद थाना जीआरपी मुरादाबाद, अनुभाग मुरादाबाद पर दिनाक 28.09.2023 को पंजीकृत मु0 अ0स0 165/2023 धारा 380 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था जिसमें विवेचना के दौरान धारा 66 ढ्ढञ्ज ष्ट्ञ्ज की वद्दि गई थी और विवेचना अपराध निरीक्षक श्री उदयवीर सिंह द्वारा की जा रही थी विवेचना के क्रम में प्रकाश में आया अभियुक्त फरान तासीर खान पत्र श्री अन्ज्म तासीर नि0 मौ0 सेक्नड फ्लोर 308 स्टेशन रोड फरीसता कोम्लेक्स तकिया पारा दर्ग थाना कोतवाली दर्ग जिला दर्ग छत्तीशगढ उम्र करीब 37 वर्ष है 15,000 रुपये का इनामिया शातिर अपराधी फरान तासीर उपरोक्त की गिरफ्तारी. मैं बच्चों का दोस्त हूँ, और आप? श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री जयनारायन सिंह उ0प्र0, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक रेलवे श्री सतेन्द्र सिंह उ0प्र0, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक उ0प्र0, श्रीमान पुलिस अधीक्षक रेलवे श्री आशुतोष शुक्ला महोदय, की प्रेरणा/ कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे इनामियां अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अन्तगर्त श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री देवीदयाल महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में मुझ प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा थाना जीआरपी मुरादाबाद द्वारा चलाये जा रहे इनामिया अपराधी की गिरफ्तारी हेतु थाना हाजा पर टीम गठित कर अथक प्रयास करते हुये लगातार दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीशगढ, झारखण्ड आदि प्रदेशों में तलाश/दबिश देकर अपराधी फरान तासीर खान पुत्र श्री अन्जुम तासीर नि0 मौ0 सेक्नड फ्लोर 308 स्टेशन रोड फरीसता कोम्लेक्स तकिया पारा दुर्ग थाना कोतवाली दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीशगढ उम्र करीब 37 वर्ष दिनाक 28.09.2023 को थाना जीआरपी मुरादाबाद पर पंजीकृत मु0अ0स0 165/2023 धारा 380 भादवि0 व 66 ढ्ढञ्ज ष्ट्ञ्ज बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना निरीक्षक अपराध श्री उदयवीर सिंह के द्वारा सम्पादित की जा रही थी। जिसमें अभियुक्त 03 माह से फरार चल रहा था जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक रेलवे महोदय द्वारा 15,000 रुपये का पुरुस्कार घोषित किया गया था।

# चार माह के राजकुमार को चोरी करने वाले पड़ोसी दंपती को दबोचा, बच्चा भी सकुशल बरामद



मुरादाबाद -मुरादाबाद ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जीआईसी चौराहा, जामा मस्जिद, इंदिरा चौक, पीतल नगरी रोडवेज पुराना रोडवेज एवं शहर के अन्य क्षेत्र के अलाव चेक किए। इसके साथ ही पीतल नगरी रोडवेज, पुराना रोडवेज एवं ढक्का कुंदनपुर में बने रेन बसेरों का निरीक्षण किया तथा वहां ठहरे राहगीरों से पूछा कि ठहरने का कोई पैसा तो नही लिया जा रहा, राहगीरों ने बताया कि कोई पैसा नहीं लिया गया। चार महीने के बच्चे को उसकी झोपड़ी का पड़ोसी दंपती चोरी कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता का सौंपा है। इस मामले में मध्य प्रदेश के रामपाल ने 25 दिसंबर को ठाकुरद्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी दंपती को चोरी किए गए बच्चे के साथ मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी दंपती में आकाश दास उर्फ मुमताज उर्फ अरमान अंसारी और उसकी पत्नी अफसाना हैं। ये लोग मूलरूप से महाराष्ट्र में नागपुर जिले के थाना पारड़ी में पूना रोड नवीन नगर पुरुषोत्तम किराना स्टोर के पास के रहने वाले हैं। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि आरोपी दंपती ने पूछताछ में बताया है कि इनके कोई संतान नहीं है। वह लोग पशुपति एक्री लॉन प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। उनके साथ ही कंपनी में कार्यरत रामपाल के आठ बच्चे हैं। इनकी सबसे छोटी संतान की वह ही परवरिश कर रहे थे। आरोपी दंपती ने पुलिस को बताया है कि रामपाल के इस चार माह के बच्चे से उन्हें बहुत लगाव हो गया था। उन्होंने अपने कोई संतान नहीं होने पर इस बच्चे को उनसे मांगा भी था लेकिन, रामपाल व उसकी पत्नी ने बच्चे को देने से इनकार कर दिया था। इसलिए वह लोग चोरी से इस बच्चे को लेकर जा रहे थे। पूरे मामले के राजफाश और बच्चे की सकुशल बरामदी पर एसएसपी ने पुलिस टीम को 15,000 रुपये का इनाम देने को भी कहा है। उधर, बच्चे को सकुशल पाने पर उसके पिता रामपाल और मां ने पुलिस को बताया कि उनके इस बेटे का नाम राजकुमार है। उन्हें उनका राजकुमार सकुशल मिल गया है, इसके लिए उन लोगों ने पुलिस का आभार भी जताया है।

### हवाई जहाज से पश्चिम बंगला गई थी पुलिस टीम

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि बच्चे की मां ने संदेश जताकर पुलिस को आरोपी दंपती के संबंध में बताया था। तब पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए मामले की छानबीन करनी शुरू कर दी और आरोपी दंपती की तलाश की तो वह मौके पर नहीं मिले। जानकारी करने पर पुलिस को पता चला कि आरोपी दंपती पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। उस स्थिति में थाना ठाकुरद्वारा, सीओ के साथ ही चार अन्य पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों का सुपरविजन एसपी देहात संदीप कुमार मीना कर रहे थे। इस तरह पुलिस पिछले से लगातार इस मामले में काम कर रही थी। इसी बीच पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी दंपती ने बच्चे के साथ ही पश्चिम बंगला लौटने के लिए रेलवे स्टेशन पर टिकट लिया है। जिस पर पुलिस की एक टीमम हवाई जहाज से पश्चिम बंगाल के लिए गई थी। यहां काफी खोजबीन के बाद भी जब संबंधित दंपती और चोरी हुए बच्चे के बारे में जब कहीं कुछ पता नहीं चला तो पुलिस भी परेशान थी। इसी बीच पुलिस को सुराग लग गया कि आरोपी दंपती कोलकाता न आकर नागपुर गया हुआ है। चूंकि पुलिस को आरोपी दंपती के फोटोग्राफ्स मिल चुके थे, इसलिए नागपुर में स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपियों को चोरी हुए बच्चे के साथ लेकर आई है।

### आरोपी अफसाना के पहले पति से हैं तीन बच्चे

एसएसपी ने बताया कि जांच में पता चला है कि अफसाना और मुमताज ये दोनों एक-दूसरे का पति-पत्नी बताते हैं, इन्हीं लोगों ने बच्चे का अपहरण किया था।

वैसे अफसाना मूलरूप से बिहार की रहने वाली है। इसके पहले पति से इसके तीन बच्चे भी हैं। अफसाना ने अपने पहले पति को छोड़कर मुमताज से विवाह किया है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि जिस दंपती ने बच्चा चोरी किया है, उसका कहीं मानव तस्करी वाले गैंग से जुड़ाव तो नहीं है।

## ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनने की वजह से लोग परेशान, सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्रवाई तेज



मुरादाबाद -संभागीय परिवहन कार्यालय में ई-रिक्शा चलने वाले ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर परेशान है जबकि, महीने भर से माल वाहक वाहनों के चालक हैवी लाइसेंस नहीं बनने से परेशान हैं। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभागीय जांच पड़ताल और कार्रवाई तेज है। जबकि, महीनों से इन लोगों के आवेदन लंबित है। जानकार इसके पीछे जिले में किसी भी अधिकृत वाहन ड्राइविंग इंस्टिट्यूट के न होने का कारण गिना रहे हैं। उधर, आवेदक हर रोज प्रवर्तन कार्य की कार्रवाई झेल रहे हैं। रोजाना 200 लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, रिन्यू कराने और जरूरी सुधार के लिए कार्यालय पहुंच रहे हैं। 100 से अधिक की संख्या हर रोज हैवी लाइसेंस, ई रिक्शा के लिए डीएल बनवाने वालों की लौट रही है। संभागीय प्राविधिक निरीक्षक हरिओम कहते हैं कि अभी ट्रेनिंग कॉलेज नए मानक पर तैयार नहीं हो पाए हैं। इस वजह से यहां से प्रशिक्षण प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, इसकी वजह से ई रिक्शा और हैवी श्रेणी के लाइसेंस नहीं जारी हो पा रहे हैं।

# पत्नी ने शराब पीने से रोका तो नाराज हुआ पति, पेड़ से लटककर दे दी जान

मुरादाबाद -थाना मझोला क्षेत्र हड्डी मिल काशीराम नगर सोनकपुर पुल के नीचे कुछ ही दूरी पर सुबह पुलिस ने पेड़ पर लटका युवक का शव बरामद किया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने इंस्पेक्टर मझोला संजय कुमार पांचाल ने लोगों को बुलाकर शव की पहचान कराई है।

मृतक के परिवार वाले मौके पर पहुंचे थे। जिसमे मौजूद लोगों की भीड़ में से एक व्यक्ति ने शव की शिनाख्त पाकबड़ा के इलाके कस्बा खास पाकबड़ा निवासी नरुत्तम के 34 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में की है।

सूचना मिलते ही मृतक के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। आला अधिकारियों द्वारा परिवार वालों से की गई पूछताछ के बाद पता चला दीपक कुमार पाकबड़ा नगर पालिका में सविंदा पर सफाई कर्मचारी पद पर काम करता था।

## शराब को लेकर पत्नी के साथ हुआ था झगड़ा

बताया जा रहा है कि शराब को लेकर ही कल रात उसका पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था और वह घर से बाहर निकल गया था।

सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माना जा रहा है

कि पत्नी से झगड़े के बाद दीपक कुमार ने शराब के नशे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुची फोरेसिंक जांच टीम द्वारा सभी साक्ष्य एकत्र कर लिए गए हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# ओड़गी, इंदरपुर व कुदरगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर-ओड़गी - कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार शुक्रवार को जनपद पंचायत ओड़गी के कलामांजन स्टेडियम मैदान से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया.जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा उपस्थित रहे. शनिवार को क्लस्टर इंदरपुर अन्तर्गत धूर, रामपुर व क्लस्टर कुदरगढ़ अन्तर्गत बभना, चपदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी द्वारा भी शिविर में आये हुए लोगों से चर्चा की गई और ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं से जुड़ सकें, इसके लिये उपस्थित जनों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही संबंधित विभागों के द्वारा महिलाओं को एलपीजी गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र , गोद भराई, अन्नप्राशन , कुपोषित बच्चों को सुपोषित, व एनीमिया मुक्त महिलाओं को सम्मानित किया गया व भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया. बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुतिकरण किया गया. जिन्हें पुरस्कार भी वितरित किया गया. इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुमन सिंह, रामेश्वर वैश्य,बलराम सोनी, अवध पाठक, प्रदीप द्विवेदी, आशीष प्रताप सिंह,प्रवीण गुर्जर, संतोष सिंह,अशोक गुप्ता ,केशव सिंह , संधारी यादव, विभीषण यादव , शिवकुमार राजवाड़े, गौरी सिंह,नीरज गुर्जर,विनीता यादव, जगदेव यादव , अरुण सिंह, दुर्गा गुप्ता, पुनीत पाठक, मोहन राजवाड़े, बृजेश कांशी, नरेश जायसवाल,अजेंद्र गुर्जर, उमेश्वर गुर्जर,प्रियंशु यादव, प्रवीण गुप्ता, संदीप तिवारी,विजय गुर्जर, कालीचरण काशी , अजेंद्र गुर्जर,आनंद पाठक ,हंसेलाल जायसवाल, राजेश पांडेय,धर्मराज सिंह पावले ,सोहन कुर्रे ,उमेश्वर गुर्जर, अवधेश सिंह,श्याम लाल गुर्जर, शंकर दुबे ,दुर्गा गुप्ता ,सुरेंद्र गुप्ता कन्हैयालाल साहू , नितीश सिंह,रावेन्द्र गुर्जर लाल बहादुर तिवारी, बेबी बंछोर, ओड़गी सीईओ विनय गुप्ता, बीईओ राजीव सिंह, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र कुशवाहा, एडीईओ जनराम वर्मा, सीडीपीओ मीरा कुरील, खंड चिकित्सा अधिकारी बंटी बैरागी, बीपीएम सखन आयाम , सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,ग्रामीणजन , सरपंच सचिव, रोजगार सचिव उपस्थित रहे. मंच का संचालन शिक्षक मो. शाकिर अंसारी व कुंजलाल यादव के द्वारा किया गया.

# भारत की एकता अखंडता और विश्व शांति के लिए एकमात्र उपाय है सनातन धर्म

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- पूरे विश्व के प्राणी मात्र के कल्याण हेतु अचूक रामबाण है वसुदेव कुटुंबकम मंत्र सनातन धर्म तथा हिंदुत्व में अगाध आस्था के प्रबल सचेतक एवं युवा किसान नेता व प्रमुख समाजसेवी तथा राष्ट्रवाद बाद के घोर समर्थक और गऊ,गीता, गंगा,गायत्री एवं पर्यावरण के प्रमुख हितैषी, पीड़ितों कमजोरों,असहायों, वृद्धो तथा जरूरतमंदों के लिए आधी रात मदद के लिए अपना दरवाजा खुला रखने वाले राजू आर्य ने अलार्म इंडिया न्यूज को एक विशेष भेंट में जानकारी देते हुए कहा है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम मंदिर में उनकी मूर्ति स्थापित होना पूरे विश्व के हिंदुओं के लिए गर्व की बात है। श्री आर्य ने आगे कहा कि 500 वर्ष के उपरांत देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के अकाट्य प्रयासों से भारत वासियों को यह स्वर्ण इतिहास रचने का मौका प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए केंद्र तथा उत्तर प्रदेश की सरकारें व पूरी बीजेपी और करोड़ों राम भक्त इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। राजू आर्य ने दृष्टांत प्रस्तुत करते हुए आगे कहा कि सनातन धर्म को हिंदू धर्म के वैकल्पिक नाम से भी जाना जाता है। वैदिक काल में भारतीय उपमहाद्वीप के धर्म के लिए 'सनातन धर्म' नाम मिलता है। 'सनातन' का अर्थ है- शाश्वत या 'सदा बना रहने वाला', यानी जिसका न आदि है, न अंत। सनातन धर्म मूलतः भारतीय धर्म है,जो किसी समय पूरे वृहत्तर भारत ( भारतीय उपमहाद्वीप ) तक व्याप्त रहा है। विभिन्न कारणों से हुए भारी धर्मांतरण के उपरांत भी विश्व के इस क्षेत्र की बहुसंख्यक जनसंख्या इसी धर्म में आस्था रखती है। वसुधैव कुटुम्बकम् सनातन धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है वसुधैव कुटुम्बकम् सनातन धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है जो महा उपनिषद सहित कई ग्रन्थों में लिपिबद्ध है। इसका अर्थ है- धरती ही परिवार है। यह वाक्य भारतीय संसद के प्रवेश कक्ष में भी अंकित है। अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम् । उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम् । वसुदेव कुटुंबकम का सिद्धांत वसुधैव कुटुंबकम卐 एक संस्कृत का श्लोक व कहावत है। जिसका अर्थ है दुनिया एक परिवार है यह विचार हमें सिखाता है कि पृथ्वी पर हर कोई एक बड़े वैश्विक परिवार के सदस्य की तरह है। यह एक-दूसरे के साथ दयालुता, सम्मान और समझ के साथ व्यवहार करने को प्रोत्साहित करता है,और इसी सिद्धांत पर चलकर पूरे भारत देश में एकता अखंडता पल्लवित होगी तथा विश्व में शांति भी कायम रह सकती है

# परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 60 लाख रूपए का चेक प्रदान किया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जनपद एटा कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 24.06.2023 को थाना अवागढ़ पर तैनात मुख्य आरक्षी श्री दलवीर सिंह की बिजली के बोर्ड से फोन का चार्जर हटाते समय अचानक बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। पुलिस लाइंस स्थित बहुउद्देशीय हॉल में एसएसपी एटा श्री राजेश कुमार द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों के साथ मृतक मुख्य आरक्षी श्री दलवीर सिंह के परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 60 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को पुलिस सैलरी पैकेज के फायदे बताये गये।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुनील कुमार त्यागी, क्षेत्राधिकारी सकीट श्री कृष्ण मुरारी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी तथा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# एटा जिले से रामलला के दरबार में अष्टधातु का 21सौ किलो का घंटा पहुंचेगा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एटा जिले से रामलला के दरबार में अष्टधातु का 21सौ किलो का घंटा पहुंचेगा. दावा किया जा रहा है कि यह देश का सबसे बड़ा घंटा होगा, जिसकी लागत 25 लाख रुपये है. इसे बनाने में 400 कर्मचारी जुटे हुए हैं घंटे की चौड़ाई 15 फुट और अंदर की चौड़ाई 5 फुट है. इसका वजन 2100 किलो है. इसे बनाने में एक साल का समय लगा है

# जनपद में निरंतर शीतलहर के दृष्टिगत छोटे और नवजात बच्चों को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद वासियों से कहा कि शीतलहर एवं भीषण ठण्ड से स्वयं को बचाएं एवं अन्य को भी सुरक्षित रखें। जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचने हेतु निम्नलिखित उपायों को अवश्य अपनाऐं। स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टी0वी0 एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें और अन्य लोगों को भी मौसम की जानकारी देते रहें। उन्होंने ठंड से बचने के उपायों के संदर्भ में जन सामान्य को बताया कि कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें तथा कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखें ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीला धुआँ इकट्ठा न हो और किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्यधिक ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों/ सार्वजनिक स्थलों पर जाएं, जहां प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबन्ध किया गया हो। उन्होंने बताया कि कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे-ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीतदंश से बचा सकते है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद के समस्त तहसील/ नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में ठंड से बचाव हेतु गरीब, निराश्रित, असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में सोता हुआ ना पाया जाए उसे नजदीकी शेल्टर होम/रेन बसेरा में भेजा जाए ताकि ठंड से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भीषण शीत लहर के दृष्टिगत गोवंश की सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गोवंश को ठंड से बचने के लिए त्रिपाल का इस्तेमाल करने एवं अलाव के माध्यम से भी उन्हें ठंड से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

# आक्रोश पैदल यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आज निम्नलिखित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-10 जनवरी 2024 को कासगंज रेलवे स्टेशन से प्रस्तावित जन आक्रोश पैदल यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आज निम्नलिखित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले को एटा सदर तहसील में हुई बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सामूहिक सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसार प्रातः 09ः00 बजे से अखिल भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मण्डल ने पूर्व सभापति विधान परिषद रमेश यादव, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, सदस्य विधान परिषद आशीष कुमार यादव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त पदयात्रा में अपने सहयोगी साथियों सहित सम्मिलित होकर किसान मजदूर नौजवानों की आवाज को सरकार तक पंहुचाने में मदद करने की अपील की उपरोक्त जनप्रतिनिधियों ने उक्त जन आक्रोश पैदल यात्रा में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया एवं मिलने वाले सभी साथियों से एटा रेल विस्तार आंदोलन में व्यक्तित्व रूप से सहयोग करने का निवेदन करते हुए पैदल यात्रा को सफल बनाने की अपील की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से - राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, प्रेम सिंह, टिंकू भाई, पिंटू भाई, संदीप जी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर एटा में विज्ञान प्रदर्शनी

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- एसएसपी एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा कलावती सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर एटा में विज्ञान प्रदर्शनी व गणित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस प्रदर्शनी में विज्ञान व गणित के सुंदर व आकर्षक माडल तथा सुंदर झांकी छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी को देखने के लिए सभी छात्रों के माता-पिता मौजूद रहे। कला परियोजनाएं घर से अपशिष्ट पदार्थों के पुनर्चक्रण पर आधारित थीं, जिसमें पक्षी भक्षण, डिब्बों से बने घर, बोतलों पर मिट्टी की कला, मंडल कला, डूडलिग और विभिन्न पेंटिग और रेखाचित्र शामिल थे। प्रदर्शनी के दौरान छात्रों ने पूछे गए सभी सवालों का संतोषजनक उत्तर दिया। एसएसपी एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा छात्रों की इस उपलब्धि पर सभी अध्यापकों व छात्रों को बधाई देते हुए स्कूल व छात्रों के भविष्य की मंगल कामना की। इसके साथ ही एसएसपी एटा द्वारा ऑपरेशन जागृति के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि कई बार बालिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है। साथ ही साथ बदनामी के भय से ऐसा संत्रास झेलना पड़ता है, जिसके कारण वह ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको अक्षम महसूस करती है। परिवार में आपसी संवाद हीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है। इसके अतिरिक्त आज तकनीक के दुरूपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श (counselling/ support) की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलाएं एवं बालिकाएं इस प्रकार के षड़यंत्रों का शिकार न बने भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्बाद न करें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी तथा कोतवाली नगर प्रभारी श्री निर्दोष सेंगर उपस्थित रहे।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# बुंदेलखंड के अन्य सांसदों ने साथ दिया होता तो बन सकता था अपना राज्य - भानु सहाय



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेंट किया गया ।

ज्ञापन में कहा गया कि गत लोकसभा ( 2014 ) चुनाव में झाँसी संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सु.श्री. उमा भारती, राजनाथ सिंह एवं प्रधानमंत्री ने बुन्देलखंड राज्य 3 साल के भीतर बनवा देने का वादा बुन्देलखंड की जनता ने किया था। 3 साल की जगह 9 साल 9 माह पूरे हो गए है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सात जनपदों क्रमशः झाँसी, बाँदा, जालौन, हमीरपुर, ललितपुर, चित्रकूट एवं महोबा को मिलाकर बुन्देलखंड विकास बोर्ड का गठन किया है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश सरकार ने सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, दतिया एवं निवाड़ी को मिलाकर बुन्देलखंड विकास प्राधिकरण का गठन किया है। इन्ही समस्त जिलों को बुन्देलखंड मानकर केंद्र सरकार ने बुन्देलखंड पैकेज दिया था। इन क्षेत्रों के साथ लहार, पिछोर, करेरा, गोहांड, चंदेरी, गंजबासौदा, कटनी, सतना का चित्रकूट आदि क्षेत्रों को जोड़कर अखंड बुन्देलखंड राज्य का निर्माण किया जाना चाहिये।

कहा गया की बुंदेलिओ का सब्र अब टूटता जा रहा, कही ऐसा न हो कि 2024 के आम चुनाव में कथनी और करनी के अन्तर के कारण खामियाजा भुगतना पड़ जायेगा। ज्ञापन भेंट करने वालों में भानूसहाय, रघुराज शर्मा, वरूण अग्रवाल, गिरजाशंकर राय, अनिल कश्यप, कुँअर बहादुर आदिम, हनीफ खान, बंटी दुबे, जगमोहन मिश्रा, प्रदीप नाथ झाँ, नरेश वर्मा, राम जी पारीछा, राम गुप्ता, प्रेम सपेरा, प्रभूदयाल कुशवाहा, बादशाह कुरैशी, प्रेम सपेरा, राजेन्द्र कुशवाहा खिल्लाबारी, गोकुल प्रसाद आदि बड़ी मात्रा मे बुंदेली उपस्थित रहे।



# कायस्थ समाज की बेटी ने भारत देश का परचम लहराया, महासभा ने किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच -नेहा श्रीवास

